# University in News on 26 June 2022

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि को मिले 21 नए नियमित शिक्षक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को शनिवार को 21 और नियमित शिक्षक मिले। इसके साथ ही 10 असिस्टेंट प्रोफेसर की संविदा नियुक्ति व विभिन्न स्तर पर प्रमोशन को भी कार्य परिषद ने हरी झंडी दिखाई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में हाल में हुई केमेस्ट्री विभाग की कमेटी के लिफाफे खोले गए।

इसके अनुसार दो प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर 8 व असिस्टेंट प्रोफेसर के नियमित 11 शिक्षकों की नियुक्ति को हरी झंडी दी गई। वहीं, सेल्फ फाइनेंस मोड में चल रहे कंप्यूटर साइंस विभाग में 10 असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा) के पद पर नियुक्ति दी गई। इसी क्रम में कॅरिअर एडवांस्मेंट स्कीम के तहत एसोसिएट प्रोफेसर में चार और असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर एक को प्रमोशन दिया गया। विवि में अब तक 194 शिक्षकों की प्रोन्नति और नियमित पद पर 68 शिक्षकों की नियुक्ति की गई। नियत वेतन पर भी कुल 36 लोगों की नियुक्ति की गई है।

### केमिस्ट्री विभाग की कमेटी पर कार्य परिषद की मुहर

- कंप्यूटर साइंस में 10 असिस्टेंट प्रोफेसर संविदा पर नियुक्त

### वीसी ने देखी तैयारियां

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने न्यू कैंपस का निरीक्षण कर नैक की तैयारियां देखी। उन्होंने प्रशासनिक भवन, विधि संकाय, इंजीनियरिंग संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का निरीक्षण किया। लॉ विभाग के पुस्तकालय में जहां 23 हजार पुस्तकें हैं, की व्यवस्था देखी। आईएमएस की लाइब्रेरी में 35,669 किताबें हैं। निर्देशित किया कि बेहतर साफ -सफाई व्यवस्था रखी जाए। निरीक्षण में डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी थे।

**बेटी की याद में दान कीं किताबें :** लविवि विधि संकाय में एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने डीन प्रो. सीपी सिंह के नेतृत्व में सहपाठी आस्था त्रिपाठी की स्मृति में संकाय में पौधरोपण किया। उन्होंने 5 अशोक के पौधे संकाय स्थित न्याय की देवी की मूर्ति के पास रोपे। आस्था के पिता आशुतोष त्रिपाठी ने रीडिंग लाइब्रेरी के लिए व छात्रों ने भी किताबें भेंट कीं।

## HINDUSTAN PAGE 6

# कुलपति ने द्वितीय कैंपस की व्यवस्थाएं जांचीं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्होंने प्रशासनिक भवन, विधि संकाय अभियांत्रिकी संकाय, इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का निरीक्षण किया। विधि संकाय का निरीक्षण किया। कुलपति ने साफ सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने को कहा।

# एलयू: शिक्षकों की पदोन्नति पर मुहर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें लिए गए निर्णय के अनुपालन में रसायन विज्ञान विभाग में दो प्रोफेसर, आठ एसोसिएट प्रोफेसर एवं 11 असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर और स्ववित्तपोषित कम्प्यूटर साइंस विभाग में 10 असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा) के पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है।

## i-NEXT PAGE 4

# वीसी ने एलयू के सेकेंड कैंपस का निरीक्षण किया

**LUCKNOW :** लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने यूनिवर्सिटी के सेकेंड परिसर का निरीक्षण किया. इस निरीक्षण में उन्होंने प्रशासनिक भवन, विधि संकाय अभियांत्रिकी संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का निरीक्षण किया. सबसे पहले उन्होंने विधि संकाय का निरीक्षण किया. वहां पर स्थित पुस्तकालय में लगभग 23000 किताबें हैं. इसी प्रकार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के पुस्तकालय में 35669 किताबें हैं. वीसी ने यहां साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए.

# स्टूडेंट्स को फिर फीस जमा करने का मौका

**LUCKNOW :** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सत्र 2021-22 के एलएलबी, इंजीनियरिंग, आईएमएस में पंजीकृत कोर्सेज व बीएड फोर्थ सेमेस्टर को छोड़कर चौथे, छठे, आठवें व 10वें सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को सेमेस्टर फीस जमा करने का अंतिम मौका दिया है. स्टूडेंट्स 30 जून तक बिना लेट फीस के यूडीआरसी पोर्टल पर लागिन के माध्यम से जमा कर सकते हैं. इसके लिए यूजी कोर्सेज के छात्रों को संकाय के अधिष्ठाता कार्यालय में, पीजी कोर्सेज वालों विभागाध्यक्ष कार्यालय और संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम के स्टूडेंट्स को निदेशक कार्यालय से आनलाइन अनुमति लेनी होगी.

## JAGRAN CITY PAGE I

# लवि : 30 तक फीस जमा करने का मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने सत्र 2021-22 के एलएलबी, इंजीनियरिंग, आइएमएस में पंजीकृत पाठ्यक्रमों एवं बीएड चौथे सेमेस्टर को छोड़कर चौथे, छठे, आठवें व 10वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को सेमेस्टर शुल्क जमा करने का अंतिम मौका दिया है। विद्यार्थी 30 जून तक बिना विलंब शुल्क के यूडीआरसी पोर्टल पर लागिन के माध्यम से जमा कर सकते हैं। इसके लिए स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों को संकाय के अधिष्ठाता कार्यालय में, परास्नातक पाठ्यक्रम वालों विभागाध्यक्ष कार्यालय और संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को निदेशक कार्यालय से आनलाइन अनुमति लेनी होगी। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दिया है।

लवि ने रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत 2022-23 के लिए शोध कार्यों के संबंध में सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक एवं प्रधान अन्वेषकों से प्रस्ताव मांगा है। इसके लिए पांच जुलाई तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। शनिवार को कुलसचिव ने इसके निर्देश जारी किए हैं। इस बात का प्रमाण पत्र भी देना होगा कि जो प्रस्ताव भेजा गया है, वह नियमित विभाग से है। शोध के सभी प्रस्ताव 10 जुलाई तक शासन को भेजना है।

**प्रो.प्रेम सुमन शर्मा को पत्रकारिता विभाग के हेड का कार्यभार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में कला संकाय अध्यक्ष प्रो.प्रेम सुमन शर्मा को पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष के दायित्वों के निर्वहन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुलपति प्रो. आलोक राय की अनुमति पर कुलसचिव डा. विनोद सिंह ने शनिवार को आदेश जारी किए हैं।

**रोपे पौधे :** लवि के नवीन परिसर में विधि संकाय में पांच वर्षीय एलएलबी विद्यार्थियों ने सहपाठी आस्था त्रिपाठी की स्मृति में पौधारोपण किया।

### कुलपति ने दिए सफाई व्यवस्था को सुधारने के निर्देश

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को द्वितीय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक भवन, विधि संकाय अभियांत्रिकी संकाय, इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी और इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज का निरीक्षण किया। कुलपति ने उपस्थित सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण में उनके साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन, डीन विधि संकाय प्रो. सीपी सिंह, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रोफेसर इंचार्ज अभियांत्रिकी संकाय डा. आरएस गुप्ता और इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल के निदेशक डा. पुष्पेंद्र त्रिपाठी थे।

# 21 स्थायी, 10 शिक्षकों का संविदा पर चयन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को कार्य परिषद की बैठक में नए शिक्षकों की नियुक्तियों को अनुमोदन दिया गया। इसमें रसायन विज्ञान विभाग में दो प्रोफेसर, आठ एसोसिएट प्रोफेसर तथा 11 सहायक प्रोफेसर को स्थायी नियुक्ति दी गई। वहीं, इंजीनियरिंग संकाय के स्ववित्तपोषित कंप्यूटर साइंस विभाग में 10 सहायक प्रोफेसर (संविदा) को नियुक्ति दी गयी। इसके अलावा रसायन विज्ञान विभाग के पांच शिक्षकों को प्रोन्नति भी दी गई है।

शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक में स्ववित्तपोषित अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में संचालित कंप्यूटर साइंस विभाग में आकांक्षा यादव, डा. हिमांशु पांडेय, जीशान अली सिद्दीकी, अंशू सिंह, पंकज कुमार, एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग-केमिस्ट्री में डा. रणविजय प्रताप व डा. शशि बाला को संविदा विस्तार दिया गया। कैरियर एडवांसमेंट योजना के अंतर्गत रसायन विज्ञान विभाग के तहत शिक्षकों को प्रोन्नति दी गई। इसमें एसोसिएट प्रो. (स्टेज-चार) में डा. नरेंद्र सिंह, डा. संगीता श्रीवास्तव, डा. अशोक सिंह, डा. अभिनव और सहायक प्रो. (स्टेज-तीन) में डा. अमृता श्रीवास्तव शामिल हैं। अब तक लवि में कुल 194 शिक्षकों को प्रोन्नति दी गई है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# कुलपति ने किया निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने प्रशासनिक भवन, विधि संकाय अभियांत्रिकी संकाय, इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने विधि संकाय का निरीक्षण किया।

संकाय स्थित पुस्तकालय में लगभग 23000 पुस्तकें हैं। इसी प्रकार इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज के पुस्तकालय में 35669 पुस्तकें हैं। कुलपति ने द्वितीय परिसर में उपस्थित सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि वहां पर साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए।

# लखनऊ विश्वविद्यालय को मिले 31 नए शिक्षक

अमृत विचार, लखनऊ



कार्य परिषद की बैठक में खोला गया नवनियुक्त शिक्षकों का लिफाफा

लखनऊ विश्वविद्यालय शनिवार को आयोजित कार्यपरिषद की बैठक में 31 रिक्त पदों पर चयनित शिक्षकों का लिफाफा खोला गया। परिषद ने सभी पर अपनी मुहर लगा दी है। साथ ही करियर एडवान्समेन्ट योजना के तहत रसायन विज्ञान विभाग के पांच शिक्षकों को पदोन्नति दिए जाने पर अपनी संस्तुति प्रदान कर दी है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में रसायन विज्ञान विभाग में दो प्रोफेसर, आठ एसोसिएट प्रोफेसर एवं 11 असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर और स्ववित्तपोषित कंप्यूटर साइंस विभाग में 10 असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा) के पद पर नियुक्त पर मुहर लगी है। वहीं रसायन विज्ञान विभाग में डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अशोक कुमार सिंह और डॉ. अभिनव कुमार को एसो. प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति दिए जाने की संस्तुति दी गई। इसके अलावा डॉ. अमृता श्रीवास्तव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज-3 के लिए पदोन्नति दिए जाने पर भी परिषद ने स्वीकृत प्रदान की है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय में अब तक कुल 194 शिक्षकों की प्रोन्नति और नियमित पद पर 68 शिक्षकों की नियुक्ति की गई।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

# लविवि कार्य परिषद की बैठक में हुई शिक्षकों की पदोन्नति

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत रसायन विज्ञान विभाग में दो प्रोफेसर, आठ एसोसिएट प्रोफेसर व 11 असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तथा स्ववित्तपोषित कम्प्यूटर साइंस विभाग में 10 असिस्टेंट प्रोफेसर (संविदा) के पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है। 18-60 साल के लोगों को निजी अस्पतालों में भुगतान देकर एहतियात डोज लगाई जा रही है।